बहु-सांस्कृतिक तथ्यपत्र

बच्चों के लिए 'लर्न टु स्विम' प्रोग्राम

आपके स्थानीय स्वीमिंग पूल पेश करते हैं 'चिल्ड्रेन लर्न टु स्विम' प्रोग्राम जो विभिन्न समुदायों की खास जरूरतों को पूरा करता है। आपकी आरंभिक सहायता के लिए, कुछ तथ्य नीचे दिए जा रहे हैं।

तैराकी शिक्षण कब आयोजित किए जाते हैं?

तैराकी एवं जल-सुरक्षा शिक्षण आम तौर पर 30-45 मिनट के होते हैं जिनका आयोजन स्कूल-अवधि में या स्कूल की छुट्टियों के दौरान विशेष प्रोग्राम के रूप में किया जाता है। 6 महीने की उम्र से बच्चे शिक्षण आरंभ कर सकते हैं।

यदि मैं या मेरे बच्चे अस्वस्थ हों तो क्या हम तैराकी शिक्षण में भाग ले सकते हैं?

जब आप अस्वस्थ हों तो पूल या तैराकी शिक्षण के लिए न जाएं और अस्वस्थ होने के कम से कम 48 घंटे बाद तक तैराकी से बचें।

पूल में मैं अपने बच्चे को सुरक्षित कैसे रख सकता हूं?

अपने बच्चों पर हमेशा नजर रखें – हम इसे पानी के आसपास बच्चों की निगरानी कहते हैं। पूल में रहते समय बच्चों को हर वक्त आपके सम्पूर्ण ध्यान की जरूरत है। इधर-उधर ध्यान न भटकाएं, अपने फोन से दूर रहें और निगरानी रखें।

शुल्क क्या हैं

प्रत्येक स्वीमिंग पूल पर शुल्क अलग-अलग हैं लेकिन सामान्यत: वे $15 से $25 के बीच हैं जो इस बात पर निर्भर है कि प्राइवेट शिक्षण दिए जा रहे हैं या ग्रुप में।

NSW सरकारी सहायताएं

ऐक्टिव किड्स वाउचर्स 6 से 18 वर्ष के बीच के बच्चों के लिए उपलब्ध हैं। ये वाउचर $100 मूल्य के हैं और वे 8 सप्ताहों या इससे ज्यादा अवधि के स्वीमिंग प्रोग्राम्स के लिए उपयोग में लाए जा सकते हैं

फर्स्ट लैप वाउचर्स 3 से 6 वर्ष के बीच के बच्चों के लिए उपलब्ध हैं। फर्स्ट लैप वाउचर भी $100 मूल्य के हैं लेकिन वे केवल तैराकी शिक्षण के लिए उपयोग में लाए जा सकते हैं।

ऐक्टिव किड्स QR

फर्स्ट लैप QR

जब आप स्थानीय तैराकी केंद्र जाएं या उनसे सम्पर्क करें तो उनसे निम्नांकित प्रश्न पूछें:

- मैं शिक्षण के लिए बुकिंग कब कर सकता हूं?
- क्या होगा यदि मेरा बच्चा किसी शिक्षण में न आ सके?
- मैं शिक्षण के लिए फिर से बुकिंग कैसे कर सकता हूं?
- शुल्क क्या है?
- शुल्कों में क्या-क्या शामिल हैं?
- क्या भुगतान के कोई विकल्प हैं?
- मेरे बच्चे को कौन-सी तैराकी-पोशाक पहननी चाहिए?
- वे कौन-सी कुशलताएं सीखेंगे?
- क्या आप जल-सुरक्षा पर ध्यान देते हैं?
- क्या आप सांस्कृतिक रूप से सक्षम केंद्र हैं?
- क्या मैं आपके सुविधा-केंद्र का भ्रमण कर सकता हूं?

अधिक जानकारी के लिए कृपया इस वेबसाइट पर जाएं:

drowningprevention.org.au/multiculturalcommunities

ROYAL LIFE SAVING NEW SOUTH WALES

NSW GOVERNMENT